टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
**Telecommunications Consultants India Limited**
(A Government of India Enterprise)

आई एस/आई एस ओ
IS/ISO 9001-2000

विभाग
**DIVISION**

टी. सी. आई. एल. भवन, ग्रेटर कैलाश-I,
नई दिल्ली-110048

TCIL Bhawan, Greater Kailash - I,
New Delhi-110 048

सं. टीसीआईएल/01/011/मा.सं.वि.

दिनांक/Date : 30/09/2014

**परिपत्र/Circular**

जैसा कि विदित है कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 02-10-2014 को "स्वच्छ भारत अभियान" के रूप में एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी तथा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के वर्ष यानि 02-10-2019 तक संपूर्ण भारत को स्वच्छ करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस संदर्भ में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से प्राप्त पत्र के अनुसार निम्नलिखित कार्रवाई की जानी है। इस संबंध में हमारे परिपत्र दिनांक 24-09-2014 में कुछ संशोधन किए गए हैं जोकि निम्नलिखित हैं:

1. टीसीआईएल का कार्यालय दिनांक 02-10-2014 को दोपहर तक खुला रहेगा। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निदेश दिया जाता है कि वे प्रात: 9.00 कार्यालय में उपस्थित हों। सभी कर्मचारियों को इस दिन प्रात: 9.45 बजे टीसीआईएल भवन के प्रांगण में शपथ दिलाई जाएगी। (स्वच्छता शपथ की प्रति संलग्न है) तत्पश्चात सभी अधिकारी व कर्मचारी स्वैच्छिक रूप से सफाई अभियान में योगदान देंगे।
2. दिनांक 01-10-2014 को आयोजित होने वाला स्वच्छता मार्च अब उक्त दिवस यानि 02-10-2014 को शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पश्चात निकाला जाएगा।

उक्त अभियान को सफल बनाने में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग अपेक्षित है।

You are aware that the Hon'ble Prime Minister is launching "Swacchh Bharat Mission", a nation-wide programme for cleaning the country on 2/10/2014, which will continue up to 02/10/2019 i.e. 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi to make the country completely clean by then.

In accordance with above, we have received a letter from Ministry of Communications and Information Technology and following actions will be taken accordingly. In this connection, our earlier circular dated 24/09/2014 is slightly modified as per following:

1. TCIL office shall remain open on 02/10/2014 up to forenoon. All the officials are directed to report office at 9.00 AM. All the officials will take Cleanliness Pledge at 9.45 AM at courtyard of TCIL Bhawan. (Copy of pledge is enclosed) Thereafter, All the officials will voluntary take part in cleanliness drive.
2. The "Swachchta March" which was scheduled to be happened on 01/10/2014, shall now be organized on 02/10/2014 after the Cleanliness Pledge programme.

All officials are expected to give full cooperation in this movement to make it a success.

**राजीव गुप्ता/RAJIV GUPTA** 30/9/14
**कार्य. निदे. (मा.सं.वि.)/ED (HRD)**

**Copy to :**

1. **All TCILians**
2. **D(P)/D(F)/D(T)**
3. **All TCIL's offices in India**
4. **SO (M) to CMD**

## स्वच्छता शपथ

महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।

महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आज़ाद कराया।

अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।

मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।

मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूंगा।

मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा।

मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा।

वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा।

मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

***

सं. टीसीआईएल/*11/001/52*/मा.सं.वि. दिनांक – 25-09-2014

सूचना

टीसीआईएल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि ‘स्वच्छता जागरूकता सप्ताह’ के दौरान निम्नानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

| दिनांक एवं समय | स्थल | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 26-09-2014 को पूर्वाह्न 11.00 बजे | सम्मेलन कक्ष, प्रथम तल, टीसीआईएल भवन | वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं फाइल प्रबंधन पर चर्चा एवं कार्य योजना |

उक्त कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पहले दो प्रतिभागियों को अध्यक्ष महोदय की ओर से सम्मानित किया जाएगा। वाद-विवाद संबंधी विषय की घोषणा स्थल पर की जाएगी। पुरस्कार की घोषणा बाद में की जाएगी। विजेता प्रतिभागियों पर निर्णय मा.सं.वि प्रभागाध्यक्ष अथवा उनकी ओर से नियुक्त किए गए प्रतिनिधि द्वारा लिया जाएगा।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले अधिकारी व कर्मचारी एक्सटेंशन नं. 2215 पर कार्यक्रम प्रारंभ होने से 15 मिनट पहले तक अवश्य सूचित कर दें।

(अनिल कुमार वात्तल)
महाप्रबंधक (मा.सं. व प्रशा.)

प्रति –

टीसीआईएल के सभी अधिकारी व कर्मचारी

नोट - यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।